# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FINAL EXAMINATION (1 March 2024)
## HINDI
## Class – VI (Set – A)

Time Allowed: 3 hours Maximum Marks: 80

**1) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-:** **(5)**

इस बालक का नाम था सलीम मोइज़ुद्दीन अब्दुल अली, जिन्हें सारा संसार असाधारण पक्षी -प्रेमी सालिम अली के नाम से जानता है। उनका जन्म 12 नवंबर, सन 1896 को हुआ था। अपनी उम्र के नवें दशक में पहुँचकर भी पक्षियों में उनकी रुचि वैसी ही थी जैसी तब थी जब वह पहले पहल मिलार्ड से मिले थे। उन्होंने पक्षियों के संरक्षण के लिए जो योगदान दिया है, उसके लिए उन्हें 'जे. पॉल गेटी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन' पुरस्कार मिला है। उन्हें कई राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार भी मिले हैं।

क .सालिम अली का पूरा नाम क्या था?

ख .सालिम अली का जन्म कब हुआ?

ग उनकी रुचि किस में थी?

घ उन्हें कौंन -सा पुरस्कार मिला ?

ङ - सही या गलत बताएँ- सालिम अली को कई राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार भी मिले।

**2) निम्नलिखित शब्दों केअर्थ लिखों (कोई 4)** **(2)**

विलुप्त, वन, मेरुदण्ड, मुल्क, चाह, मातृभूमि

**3) निम्नलिखित किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए :-** **(5)**

क) पुष्प किस के सिर पर चढ़ना नहीं चाहता?

ख) सालिम अली पक्षियों की खाल उतारने और उन्हें भरने की उच्च शिक्षा लेने कहाँ गए ?

ग) किसान की मदद किसने की?

घ) प्रतिवर्ष 21 जून को किस दिवस के रूप में मनाया जाता है?

ङ) जिंदगी कैसे चलेगी 'कविता के अनुसार धूप कौन सहता है?

च) 'पुष्प की अभिलाषा 'कविता के कवि कौन हैं?

**4) निम्नलिखित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दोतीन- वाक्य में दीजिए :-** **(4*2=8)**

क) हमें शुद्ध हवा कैसे मिलती है?

ख) शरीर के विभिन्न अंगों में चर्बी क्यों बढ़ जाती है? इससे क्या नुकसान हो सकते हैं?

A-1

ग) किसान क्यों परेशान था? खिलाड़ियों ने उसकी मदद क्यों नहीं की?

घ) 10 वर्षीय चश्माधारी बालक ने किस चिड़िया को मारा था? वह उसकी पहचान क्यों नहीं कर पा रहा था?

ङ) पुष्प को देवताओं के सिर पर चढ़कर भाग्यशाली बना क्यों पसंद नहीं है?

**भाग-ख**

**5) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो (कोई 4)** (2)

आरंभ, निडर, सुविधा, कठोर, पक्ष, उदय

**6) निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखो (कोई 2)** (2)

मित्र, सूर्य, रात

**7) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए ( श्रुतिसम समभिन्नार्थक शब्द) (कोई 2)** (2)

क) इस हार का................ क्या है ? (मूल/ मूल्य)

(ख) हमें अपना............... सही जगह पर रखना चाहिए। (सामान /समान)

(ग) मैंने............. कार्य पूरा कर लिया। (गृह /ग्रह)

**8) निम्नलिखित प्रत्ययोंके दो दो शब्द बनाएँ (कोई 2)** (2)

कार, आस , वाँ

**9) निम्नलिखित लोकोक्तियों को पूरा करो (कोई-2)** (2)

(क).................तले अँधेरा

ख) मरता क्या ना................

ग).................... चूहे खाकर बिल्ली हज को चली

**10)निम्नलिखित वाक्यो में उद्देश्य और विधेय बताए :-** (2)

(क) अमर पुरस्कार प्राप्त करता है।

(ख) बच्चे बंदर का तमाशा देख रहे हैं।

**11)निम्नलिखित वाक्यों में समुच्चय बोधक शब्द छाँटकर बताएँ :-** (2)

क) वह बुद्धिमान है, मगर उसका बेटा मूर्ख है।

ख) राम और श्याम ने मिलकर फैक्ट्री लगाई है।

A-2

12) **निम्नलिखित वाक्यों में सकर्मक या अकर्मक क्रिया बताएँ** (2)

क) माँ ने बच्चों को खाना खिलाया।

ख) आकाश में पक्षी उड़ रहे हैं।

13) **संधि कीजिए :-** (1+1=2)

क) वधू + उत्सव = ख) परम + आनंद =

ख) **संधि विच्छेद कीजिए -** रजनीश =

14) **निम्नलिखित समास विग्रहों के समस्त पद बनाकर लिखिए** (2)

क) तीन नेत्रों का समाहार = ख) भाई और बहन =

15) **निम्नलिखित वाक्यों में काल का भेद बताएं :-** (3)

क) हजारों वर्ष पहले यह गुफा बनी थी।

ख) मैं खाना खाऊँगा।

ग) पूजा सो रही है।

16) **निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखो** (3)

क) राघव और नंदिनी स्कूल गई।

ख) गए बच्चे स्कूल में

ग) तुम तुम्हारा काम करो।

17) **विराम चिह्न (सही विकल्प चुनें)** (3)

क) जिस वाक्य में प्रश्न पूछा जाए उसमें क्या लगते हैं-

1. पूर्ण विराम (।) 2. योजक चिह्न (-) 3. प्रश्न सूचक चिह्न (?)

ख) निम्नलिखित विराम चिन्हों में से लाघव चिन्ह् को चुने-

1. ? 2. ! 3. 0

ग) सूर्य उदय होने पर पक्षी चहचहाने लगे

इस वाक्य में कौन सा विराम चिन्ह लगेगा चुनकर बताएं

1.? 2. " " 3.।

A-3

**18) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखो (कोई तीन)** (3)

बाएँ हाथ का खेल, होश उड़ जाना, अगर मगर करना, एड़ी- चोटी का जोर लगाना

**19) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों को पहचान कर क्रिया विशेषण का भेद बताएं** (3)

क) मैं धीरे-धीरे बाजार जा रहा था।

ख) सोनम रोज काम करती है।

ग) उदयान में चारों ओर फूल खिले हैं।

**20) किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें** (5)

मेरा प्रिय शौक **अथवा** प्रातः भ्रमण (सुबह की सैर) **अथवा** कंप्यूटर : अदभुत वरदान

**21) निम्नलिखित विषयों में से कोई एक औपचारिक पत्र लिखें** (5)

अपनी कक्षा का अनुभाग बदलने की प्रार्थना करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र।

**या**

अपने क्षेत्र में विद्युत कटौती से उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखो।

**22) मिल्की चॉकलेट का आकर्षक- सा विज्ञापन बनाएँ** (5)

**23)** पुत्री और माँ के बीच वृक्षारोपण (पेड़ लगाने) के बारे में बातचीत लिखिए। (5)

**या**

' निर्णय ' विषय पर कहानी लिखो।

**24) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए** (5)

कक्षा में अध्यापक ने शक्ति शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि 'शक्ति' का अर्थ 'बल' होता है।यह दो प्रकार का होता है- 1. शारीरिक बल, 2. बुद्धि बल। परंतु इन दोनों बलों के साथ संगठन बल होना आवश्यक है। संगठन बल मित्र बल से प्राप्त होता है।यह बल विपत्ति के समय बड़ा आवश्यक है, क्योंकि एक और एक ग्यारह होते हैं। एक दूसरे की मदद करने का भाव होने से यह बल धीरे-धीरे गाँव,शहर और कस्बे के साथ जुड़कर राष्ट्र के साथ जुड़ जाता है।

क) शक्ति का क्या अर्थ है?

ख) बल कितने प्रकार का होता है?

ग) संगठन बल किस से प्राप्त होता है?

घ) इस गदयांश के अनुसार एक और एक कितने होते हैं?

ङ) एक -दूसरे की मदद करने के भाव से क्या होता है?